an>

Title : Need to tackle flood affecting Rampur Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे क्षेत्र की समस्या के बारे में बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं रामपुर क्षेत्र से सांसद हूं। यहां पांच नदियां हैं जो करीब पांच गांवों को डिस्टर्ब करती हैं। इस कारण हर साल फसल बेकार हो जाती है। मैंने कई बार सरकार को लिखा है कि इन नदियों पर अगर पत्थर लग जाएं तो कटान कम हो जाएगी और किसानों को फायदा हो जाएगा। लेकिन मुझे अफसोस है कि एक साल के बाद भी वहां पर ऐसी कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिसे मैं आपके समक्ष कह सकूं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि यहां पर बाढ़ को रोकने के लिए कोई न कोई उचित कार्यवाही की जाए जिससे किसान होने वाला नुकसान से बच सकें।

माननीय अध्यक्ष:

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री सी.पी. जोशी को डॉ. नैपाल सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।